उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या– : 09 /सूचना/03/विज्ञा0–अनु0–(ग्यारह)/2018/03–परीक्षा/2018
लखनऊ : दिनांक :04फरवरी, 2019

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या–03–परीक्षा/2018 द्वारा अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक वर्ग–सी (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2018 के अन्तर्गत निदेशक कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कृषि सेवा (वर्ग–3) के रिक्त 2059 पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

आयोग के उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक वर्ग–सी (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2018 की लिखित परीक्षा दिनांक 19.02.2019 (दिन मंगलवार) को पूर्वान्ह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक प्रदेश के 04 जनपदों यथा– लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी तथा आगरा में आयोजित की जायेगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम वही होगा जैसा कि प्रश्नगत पदों के विज्ञापन संख्या–03 परीक्षा/2018 में अनंतिम पाठ्यक्रम के रूप में प्रकाशित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किए जाने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से यथासमय सूचित किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
लखनऊ